**अभ्यास प्रश्न-पत्र 2023**
**सेट –ब**
**कक्षा- 12 वीं**
**विषय- हिन्दी**

समय-3:00 घंटा    पूर्णांक- 80

**निर्देश:-**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्र. 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनके लिए 1 x 32 =32 अंक आंवटित हैं।
3. प्रश्न क्र. 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्र. 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। शब्द सीमा 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्र. 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। शब्द सीमा 120 शब्द है।
6. प्रश्न क्र. 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

---

1. **सही विकल्प का चयन कर लिखिए-** (1x6=6)

i. 'छोटा मेरा खेत' कविता का हिन्दी में रूपान्तरण किसने किया है?
(अ) भोला भाई पटेल (ब) उमाशंकर जोशी (स) आलोक धन्वा (द) केशूभाई पटेल

ii. कौन-सा भाव सुषुप्तावस्था में विद्यमान रहता है?
(अ) स्थाईभाव (ब) अस्थाई भाव (स) विभाव भाव (द) संचारी भाव

iii. उत्पीड़न का अर्थ है-
(अ) शोषण (ब) मदद (स) उलाहना (द) पेशा

iv. ' ढाक के वही तीन पात' होना का अर्थ है -
(अ) यत्न पूर्वक रखना (ब) सदा एक-सा (स) उटपटांग काम करना (द) अनुरूप बनाना

v. सिंधु सभ्यता के सौंदर्य बोध को क्या नाम दिया है ?
(अ) राज पोषित (ब) समाज पोषित (स) धर्म पोषित (द) व्यापार पोषित

vi. संवाददाताओं के बीच काम का विभाजन कहलाता है-
(अ) लाइव (ब)बीट (स) बाईट (द) रिपोर्टिंग

2. **रिक्त स्थान में सही शब्द का चयन कर लिखिए-** (1x7=7)

i. बिना मुरझाए महकने के माने................ क्या जाने । (फूल/कविता/मानव )
ii. रीतिकाल का एक अन्य नाम ............है । (श्रृंगार काल /स्वर्णकाल/उत्तरकाल )
iii. जो गुण काव्य में जोश और ओज उत्पन्न करता है, वह.......... गुण कहलाता है।( प्रसाद /ओज/माधुर्य )
iv. 'पहलवान की ढोलक' पाठ की विधा ................ है। (कहानी/व्यंग्य/नाटक )
v. वाक्य ----- शब्द समूह हैं।( सार्थक / निरर्थक /व्यंगात्मक )
vi. सौंदलगेकर ..............भाषा के शिक्षक थे। (अंग्रेजी/ मराठी/हिन्दी )
vii. ' एक सफल साक्षात्कारकर्ता में..............होना चाहिए। (पर्याप्त ज्ञान/सुंदरता/अपर्याप्त ज्ञान )

**3. सही जोड़ी बनाकर लिखिए –** (1x6=6)

| | स्तम्भ (अ) | स्तम्भ (ब) |
|---|---|---|
| i. | रुबाइयाँ | (क) बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर |
| ii. | खंडकाव्य | (ख) फिराक गोरखपुरी |
| iii. | मेरी कल्पना का आदर्श समाज | (ग) श्रव्य |
| iv. | रचना के आधार पर वाक्य के प्रकार | (घ) पंचवटी |

https://www.mpboardonline.com

v. 'अतीत में दबे पांव' (ङ.) 3

vi. संचार माध्यम रेडियो (च) 8

(छ)ओम थानवी

(ज) फणीश्वरनाथ रेणु

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में उत्तर लिखिए-** (1x7=7)

I 'बच्चे निडरता के साथ किसके सामने आते हैं?

ii. 'अब मैं नाच्यो बहुत गोपाल' में कौन-सा रस है ?

iii. 'गुड़धानी'का क्या अर्थ है?

iv. डॉ. अंबेडकर किस मत के अनुयायी थे ?

v. 'तकनीकी शब्द' का दूसरा नाम लिखिए।

vi. सिंधु सभ्यता की ईंटों की बनावट का अनुपात क्या था?

vii. बाइट क्या है? लिखिए |

**5. सत्य-असत्य कथन लिखिए –** (1x6=6)

i. 'राम की शक्तिपूजा' कविता के रचनाकार निराला हैं।

ii. चंपू काव्य के अंतर्गत नाटक एवं प्रहसन आते हैं।

iii. शिरीष के वृक्ष काँटेदार होते हैं।

iv. लोकोक्ति और मुहावरे समान नहीं है।

v. 'जूझ' कहानी गोदान उपन्यास का अंश नहीं है।

vi. समाचार लेखन के सात प्रकार होते हैं।

**6.** प्रयोगवाद की कोई दो विशेषताएँ/ प्रवृत्तियाँ लिखिए। (02अंक)

**अथवा**

छायावादी काव्य की कोई दो विशेषताएँ/प्रवृत्तियाँ लिखिए।

**7.** 'कैमरे में बंद अपाहिज 'करुणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है –विचार कर लिखिए। (02अंक)

**अथवा**

बड़े-बड़े राजा किस पर न्यौछावर होते हैं?

**8.** कोई दो महाकाव्यों के नाम और उनके रचनाकारों के नाम लिखिए। (02अंक)

**अथवा**

प्रसाद गुण संपन्न कविताओं की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

**9.** भ्रांतिमान अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (02अंक)

**अथवा**

सोरठा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

**10.** जीवनी और आत्मकथा में कोई दो अंतर लिखिए | (02अंक)

**अथवा**

रेखाचित्र और संस्मरण में कोई दो अंतर लिखिए |

https://www.mpboardonline.com

**11**. अशोक वृक्ष की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। (02अंक)

**अथवा**

नकली सामान के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए आप क्या कर सकते हैं ? कोई दो तरीके लिखिए।

**12.** लोकोक्ति और मुहावरे में दो प्रमुख अंतर लिखिए । (02अंक)

**अथवा**

राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा में कोई दो प्रमुख अंतर लिखिए।

**13.** शब्द युग्म के बारे में लिखिए।

**अथवा**

'तकनीकी शब्द' के दो उदाहरण लिखिए ।

**14** .रोजी-रोटी की तलाश में आए यशोधर पंत को किसने शरण दी? (02अंक)

**अथवा**

ईख से गुड़ ज्यादा निकले इसलिए गांव के अन्य किसान जो तरीका अपनाते थे उसके बारे में लिखिए।

**15.** इन्टरनेट के दो सकारात्मक उपयोग लिखिए। (02अंक)

**अथवा**

समाचार लेखन की दो बुनियादी बातें लिखिए।

**16.** निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला **अथवा** हरिवंश राय बच्चन के साहित्य की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए- (03अंक)

(i) दो रचनाएँ (ii) भावपक्ष (iii) साहित्य में स्थान।

**17**. निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर हजारी प्रसाद द्विवेदी **अथवा** धर्मवीर भारती का साहित्यिक परिचय लिखिए- (03अंक)

(i) दो रचनाएँ (ii) भाषा- शैली (iii) साहित्य में स्थान।

**18.** 'परहित सरिस धर्म नहीं भाई' उक्ति का भाव-पल्लवन कर लिखिए । (03अंक)

**अथवा**

वार्षिक परीक्षा की तैयारी के सन्दर्भ में आपके और आपके पिताजी के बीच के संवाद को लिखिए।

**19.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश/काव्यांश को पढकर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (03अंक)

जहाँ भी दो नदियाँ आकर मिल जाती हैं , उस स्थान को अपने देश में तीर्थ' कहने का रिवाज है। और यह केवल रिवाज की ही बात नहीं है, हम सचमुच मानते हैं कि अलग-अलग नदियों में स्नान करने से जितना पुण्य होता है, उससे कहीं अधिक पुण्य संगम स्नान में है। किंतु, भारत आज जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें असली संगम वे स्थान, वे सभाएँ तथा वे मंच हैं, जिन पर एक से अधिक भाषाएँ एकत्र होती हैं।नदियों की विशेषता यह है कि वे अपनी धाराओं में अनेक जनपदों का सौरभ, अनेक जनपदों के आँसू और उल्लास लिए चलती हैं और उनका पारस्परिक मिलन में वास्तव में उनके आँसू और उमंग, भाव और विचार, आशाएँ और

https://www.mpboardonline.com

शंकाएँ समाहित होती हैं। अतः जहाँ भाषाओं का मिलन होता है, यहाँ वास्तव में विभिन्न जनपदों के हृदय ही मिलते हैं, उनके भावों और विचारों का ही मिलन होता है तथा भिन्नताओं में छिपी हुई एकता वहाँ कुछ अधिक प्रत्यक्ष हो उठती है। इस दृष्टि से भाषाओं के संगम आज सबसे बड़े तीर्थ हैं और इन तीर्थों में जो भी भारतवासी श्रद्धा से स्नान करता है, वह भारतीय एकता का सबसे बड़ा सिपाही और संत है।

प्रश्न -

1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
2. भारतीय एकता का सबसे बड़ा सिपाही कौन है ?लिखिए।
3. उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर सबसे बड़ा तीर्थ आज क्या है ?लिखिए।

**अथवा**

कुछ भी बन, बस कायर मत बन
ठोकर मार, पटक मत माथा
तेरी राह रोकते पाहन
कुछ भी बन, बस कायर मत बन
युद्ध देही कहे जब पामर,
दे न दुहाई पीठ फेर कर
या तो जीत प्रीति के बल पर
या तेरा पथ चूमे तस्कर
प्रति हिंसा भी दुर्बलता है
पर कायरता अधिक अपावन
कुछ भी बन, बस कायर मत बन
ले-देकर जीना, क्या जीना?
कब तक गम के आँसू पीना?
मानवता ने तुझको सींचा
बहा युगों तक खून-पसीना।

प्रश्न -

i उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।

ii कवि के अनुसार मानवता ने किसको सीँचा है?

iii उक्त काव्यांश का मूल भाव लिखिए।

https://www.mpboardonline.com

**20.** निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ संदर्भ-प्रसंग तथा सौन्दर्य बोध सहित लिखिए- (04अंक)

तिरती है समीर-सागर पर
अस्थिर सुख पर दु:ख की छाया-
जग के हृदय पर
निर्दय विप्लव की प्लावित माया-

**अथवा**

कल्पना के रसायनों को पी
बीज गल गया नि:शेष,
शब्द के अंकुर फूटे
-पुष्पों से नमित हुआ विशेष।

https://www.mpboardonline.com

**21**. निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या संदर्भ- प्रसंग एवं विशेष सहित लिखिए - (04अंक)

जाड़े का दिन। अमावस्या की रात-ठंडी और काली। मलेरिया और हैजे से पीड़ित गाँव भयानक शिशु की तरह थर-थर काँप रहा था। पुरानी और उजड़ी बाँस-फूस की झोंपड़ियों में अंधकार और सन्नाटे का सम्मिलित साम्राज्य! अंधेरा और निस्तब्धता! अंधेरी रात चुपचाप आँसू बहा रही थी। निस्तब्धता करुण सिसकियों और आहों को बलपूर्वक अपने हृदय में ही दबाने की चेष्टा कर रही थी। आकाश में तारे चमक रहे थे। पृथ्वी पर कहीं प्रकाश का नाम नहीं। आकाश से टूटकर यदि कोई भावुक तारा पृथ्वी पर जाना भी चाहता तो उसकी ज्योति और शक्ति रास्ते में ही शेष हो जाती थी। अन्य तारे उसकी भावुकता अथवा असफलता पर खिलखिलाकर हँस पड़ते थे।

**अथवा**

एक-एक बार मुझे मालूम होता है कि यह सिर्फ एक अद्भुत अवधूत है । दुःख हो या सुख, वह हार नहीं मानता। न ऊधो का लेना, न माधो का देना। जब धरती और आसमान जलते रहते हैं, तब भी यह हज़रत ना जाने कहाँ से अपना रस खींचते रहते हैं। मौज में आठों याम मस्त रहते हैं। एक वनस्पति शास्त्री ने मुझे बताया कि यह उस श्रेणी का पेड़ है जो वायुमंडल से अपना रस खींचता है। जरूर खींचता होगा। नहीं, तो भयंकर लू के समय इतने कोमल तंतु जाल और ऐसे सुकुमार केसर को कैसे उगा सकता था?

**22** आपका नाम मनोज है ,आप शासकीय उ.मा.वि.रामपुर ,जिला पन्ना के छात्र हैं ,अपने विद्यालय के प्राचार्य को शाला शुल्क से मुक्ति हेतु आवेदन-पत्र लिखिए। https://www.mpboardonline.com (04अंक)

**अथवा**

अपने मित्र को वार्षिक पत्रिका में रचना के प्रकाशन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

**23.** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रुपरेखा सहित निबंध लिखिए– (04अंक)

I. मेरे सपनों का भारत
II. समाचार पत्र :उपयोगिता और अनुपयोगिता
III. साहित्य और समाज
IV. संयुक्त परिवार का महत्त्व
V. प्रदूषण- कितना घातक ?

**https://www.mpboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
**अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**